प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 मंगलवार** **दिनांक 17.09.2024**

## मुख्य समाचारः–

1– प्रधानमंत्री ने पांच लाख से अधिक आवासहीन परिवारों को पीएम आवास योजना के तहत पहली किश्त के रूप में दो हजार करोड़ रूपये से अधिक की राशि ऑनलाईन ट्रांसफर की।

2– प्रदेश के श्रमिकों को पांच रूपये में भोजन उपलब्ध कराने के लिए अन्नपूर्णा दाल–भात केन्द्र खोले जाएंगे–साथ ही उनके बच्चों की पढ़ाई के लिए अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना शुरू की जाएगी–मुख्यमंत्री ने विश्वकर्मा जयंती पर रायपुर में आयोजित श्रमिक सम्मेलन में की घोषणा।

3– स्वच्छता ही सेवा अभियान आज से शुरू हुआ–इस वर्ष की थीम है – स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता।

4– केन्द्रीय वित्त मंत्री कल नई दिल्ली में 'एनपीएस वात्सल्य योजना' का शुभारंभ करेंगी–छत्तीसगढ़ के रायपुर, दुर्ग और बिलासपुर में भी होंगे कार्यक्रम।

## प्रधानमंत्री–आवास योजना राशि

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज छत्तीसगढ़ के पांच लाख ग्यारह हजार से अधिक आवासहीन परिवारों को स्वयं का पक्का मकान बनाने के लिए पहली किश्त जारी की है। इस दौरान उन्होंने पीएम आवास योजना के हितग्राहियों के खाते में दो हजार करोड़ रूपये से अधिक की राशि उनके बैंक खातों में ऑनलाईन ट्रांसफर की। राजधानी रायपुर के इंडोर स्टेडियम में आयोजित मोर आवास–मोर अधिकार कार्यक्रम में प्रधानमंत्री वर्चुअल रूप से शामिल हुए। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और मंत्रिमंडल के अन्य सदस्य भी मौजूद थे। इस मौके पर तेईस हजार से अधिक शहरी परिवारों को उनके मकानों की चाबी, पूर्णता प्रमाण पत्र और पूजन सामग्री प्रदान की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि समाज के गरीब और कमजोर तबके के लोगों के जीवन में खुशहाली लाना ही उनकी सरकार का लक्ष्य रहा है।

वहीं, मुख्यमंत्री ने कहा कि आवासहीन परिवारों के मकान के सपने को प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देशभर में बत्तीस लाख आवास स्वीकृत हुए हैं, जिनमें से लगभग तीस फीसदी आवास छत्तीसगढ़ को मिले हैं।

## स्वच्छता ही सेवा

'स्वच्छता ही सेवा' अभियान आज से शुरू हो गया है। यह अभियान दो अक्टूबर तक चलेगा। इस वर्ष की थीम है – स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता।

इधर, छत्तीसगढ़ में भी आज से 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान की शुरूआत हुई। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रायपुर के तेलीबांधा तालाब परिसर में आयोजित कार्यक्रम में 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़े का राज्य स्तरीय शुभारंभ किया। उन्होंने कार्यक्रम में नागरिकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई और तेलीबांधा तालाब परिसर में झाड़ू लगाकर सफाई की। उन्होंने स्वच्छता दीदियों और शहर को स्वच्छ बनाने में सहभागिता देने वाले सामाजिक संस्थाओं को सम्मानित किया और स्वच्छता दीदियों के कार्य की सराहना की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने स्वच्छता मैराथन को हरी झंडी दिखाई। साथ ही नये स्वच्छता वाहनों को भी रवाना किया।

इसके बाद मुख्यमंत्री ने रायपुर के इंडोर स्टेडियम में 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान—ग्रामीण का शुभारंभ किया। समारोह में मुख्यमंत्री ने ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत् स्वच्छाग्रही समूहों को सुरक्षा किट का वितरण किया। स्वच्छता ही सेवा अभियान के लिए राज्य स्वच्छ भारत मिशन—ग्रामीण द्वारा निर्मित पोस्टर का अनावरण भी किया गया। मुख्यमंत्री ने इस दौरान लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई।

'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत आज राज्य के अन्य जिलों में भी स्वच्छता मैराथन और श्रमदान जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

## एनपीएस वात्सल्य योजना

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण कल अट्ठारह सितंबर को नई दिल्ली में 'एनपीएस वात्सल्य योजना' का शुभारंभ करेंगी। यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ के रायपुर, दुर्ग और बिलासपुर सहित देश के लगभग पचहत्तर स्थानों पर

आयोजित किए जाएंगे। इस आयोजन में नये नाबालिग ग्राहकों को पी.आर.ए.एन. सदस्यता का वितरण किया जाएगा।

इसी कड़ी में राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति द्वारा नाबार्ड के सहयोग से रायपुर, दुर्ग और बिलासपुर में एनपीएस वात्सल्य योजना का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में स्कूली बच्चे अपने पालकों के साथ शामिल होंगे।

एनपीएस वात्सल्य योजना माता–पिता को पेंशन खाते में निवेश करके अपने बच्चों के भविष्य के लिए बचत करने के साथ दीर्घकालिक धन सुनिश्चित करने की अनुमति देगा। यह नई पहल बच्चों के वित्तीय भविष्य को सुरक्षित करने के लिए शुरू की गई है, जो भारत की पेंशन प्रणाली में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह योजना पेंशन फंड विनियामक और विकास प्राधिकरण के तहत चलाई जाएगी।

## केंद्रीय इस्पात मंत्री–दौरा

केंद्रीय इस्पात मंत्री एच.डी. कुमारस्वामी ने अपने छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान आज भिलाई इस्पात संयंत्र का दौरा किया। वे विश्वकर्मा जयंती पर आयोजित पूजा कार्यक्रम में शामिल हुए। केंद्रीय मंत्री ने संयंत्र का दौरा कर विभिन्न इकाइयों में उत्पादन प्रणाली का अवलोकन किया।

इस मौके पर केंद्रीय इस्पात मंत्री और सेल के चेयरमैन अमरेंदु प्रकाश ने स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत श्रमदान भी किया।

## अंबिकापुर–विमान ट्रायल

अंबिकापुर के मां महामाया विमानतल में आज बहत्तर सीटर विमान को उतारने का ट्रायल किया गया। यह विमान बिलासपुर विमानतल से अंबिकापुर के लिए उड़ान भरकर पहुंचा। पूर्व उपमुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव ने कहा कि इस

सेवा के शुरू हो जाने से प्रदेश के उत्तरी क्षेत्र में औद्योगिकीकरण, व्यवसाय और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने अम्बिकापुर से रायपुर, वाराणसी और नई दिल्ली के लिए नियमित उड़ान सेवा शुरू करने का सुझाव दिया है।

## विश्वकर्मा जयंती–श्रमिक सम्मेलन

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर आज रायपुर के इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में राज्य स्तरीय श्रमिक सम्मेलन में शामिल हुए।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने संतावन हजार श्रमिकों के खातों में उनचास करोड़ रूपये से ज्यादा की राशि डी.बी.टी. के माध्यम से ट्रांसफर की। सम्मेलन में मुख्यमंत्री ने प्रदेश के श्रमिकों को पांच रूपये में भोजन उपलब्ध कराने के लिए अन्नपूर्णा दाल–भात केन्द्र खोले जाने और पंजीकृत श्रमिकों के बच्चों की पढ़ाई के लिए अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना शुरू करने की घोषणा की।

सम्मेलन में मुख्यमंत्री ने श्रम विभाग की वेबसाइट 'श्रमेव जयते' लॉन्च किया। इस वेबसाइट में ई–टिकटिंग प्रणाली के जरिये श्रमिकों के शिकायत निवारण प्रणाली को सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग कर आसान बनाया गया है। इस वेबसाइट में प्राप्त शिकायत का समाधान सात दिन में किया जाएगा, ऐसा न होने पर मामला ऑनलाइन उच्च अधिकारियों तक स्थानांतरित हो जाएगा। सम्मेलन में श्रमिकों के लिए हेल्पलाइन नंबर – **शून्य सात सात एक – तीन पांच शून्य पांच शून्य पांच शून्य** (0771 3505050) जारी किया गया।

## राज्यपाल–चक्रधर समारोह

रायगढ़ में आयोजित उनतालीसवें चक्रधर समारोह का कल समापन हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यपाल रमेन डेका शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह मंच न केवल हमारी सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक है, बल्कि हमारे समृद्ध अतीत और कला–संगीत की अद्भुत परंपराओं को जीवंत बनाए रखने का भी महत्वपूर्ण माध्यम है। राज्यपाल ने कहा कि चक्रधर समारोह के जरिये प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर और कला को नई ऊंचाईयां मिलेंगी। उन्होंने लोगों से पर्यावरण संरक्षण की दिशा में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियन के तहत पौधा लगाने की अपील की। समारोह में राज्यपाल सहित सभी अतिथियों ने स्वच्छता और सुपोषण की शपथ भी ली।

## प्रसार भारती–हिन्दी दिवस

प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत कुमार सहगल ने कहा है कि सभी भाषाओं का सम्मान करते हुए हिन्दी को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। आज नई दिल्ली में प्रसार भारती सचिवालय में हिन्दी दिवस के संबंध में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री सहगल ने कहा कि हिन्दी, बोलने में सरल और आसानी से समझ में आने वाली भाषा है।

वहीं, प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव द्विवेदी ने कार्यालयों में रोजमर्रा के कार्यों में हिन्दी के इस्तेमाल पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सभी भारतीय भाषाओं में हिन्दी का अपना अलग महत्व है। उन्होंने अधिकारियों से अपील की कि वे ई–ऑफिस प्लेटफॉर्म पर भी हिन्दी का इस्तेमाल करें।

इस अवसर पर आकाशवाणी की महानिदेशक प्रज्ञा पालीवाल गौड़, दूरदर्शन महानिदेशक कंचन प्रसाद और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

## अनंत चतुर्दशी

अनन्त चतुर्दशी के साथ ही आज से छोटी गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला शुरू हो गया है। श्रद्धालुओं ने पूजा–अर्चना के साथ गणपति बप्पा को विदाई दी। प्रदेश के अनेक स्थानों पर आज हवन के साथ ही भंडारे का भी आयोजन किया गया। राजधानी रायपुर में बड़ी प्रतिमाओं का विसर्जन झांकियों के साथ उन्नीस सितंबर को होगा।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेशवासियों को अनंत चतुर्दशी की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

## सुकमा हत्या–आरोपी गिरफ्तार

सुकमा जिले में एक ही परिवार के पांच लोगों की हत्या के मामले में पुलिस ने अब तक एक महिला सहित सत्रह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त लाठियों को भी बरामद कर लिया है। गौरतलब है कि सुकमा जिले के कोंटा थाना क्षेत्र के एतकल गांव में बीते पंद्रह सितंबर को ग्रामीणों ने जादू–टोने के शक में पांच लोगों की हत्या कर दी थी।

## संक्षिप्त समाचार

– आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का चौहत्तरवां जन्मदिन है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और गृहमंत्री अमित शाह ने प्रधानमंत्री को जन्मदिन के अवसर पर शुभकामनाएं दी हैं।

– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रायपुर के इंडोर स्टेडियम में प्रधानमंत्री की विकसित भारत की संकल्पना पर आधारित छायाचित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। यह प्रदर्शनी जनसंपर्क विभाग द्वारा लगाई गई है।

– कोरबा में सीसीटीवी कैमरे के इंटीग्रेटेड कमान और कंट्रोल सेंटर का वाणिज्य मंत्री लखनलाल देवांगन ने लोकार्पण किया। श्री देवांगन ने कहा कि इन तीन सौ छत्तीस विशेष कैमरों के जरिए ट्रैफिक सिस्टम और अन्य व्यवस्थाओं की निगरानी तथा नियंत्रण में मदद मिलेगी।

– प्रदेश में प्रस्तावित स्थानीय निकायों के चुनाव के मद्देनजर वोटर लिस्ट तैयार करने के लिए आज संबंधित अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी जिलों के डिप्टी डीईओ और मास्टर ट्रेनर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए।

– विश्वकर्मा जयंती पर आज राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के कई कारखानों, राईस मिलों और निर्माणाधीन भवनों में भगवान विश्वकर्मा और यंत्र उपकरणों की पूजा–अर्चना की गई। इस अवसर पर आकाशवाणी केन्द्र, रायपुर में अधिकारियों और कर्मचारियों ने यंत्रों और उपकरणों की पूजा–अर्चना की।

– रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान और आयुष विश्वविद्यालय का सत्रहवां स्थापना दिवस समारोह कल मनाया गया। समारोह में प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल शामिल हुए।

– बलरामपुर जिले के करवां गांव में भारी वर्षा के कारण बीती रात मिट्टी के घर की दीवार गिर गई। इस हादसे में दबने से तीन वर्षीय एक बच्ची की मौत हो गई।

– भारतीय पुरूष हॉकी टीम ने फाइनल में चीन को हराकर पांचवीं बार एशिया हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी अपने नाम कर लिया है।